# कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, बलरामपुर
## जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)
संयुक्त कलेक्ट्रेड भवन, प्रथम तल, बलरामपुर, पिन कोड – 497119

दूरभाष नम्बर 07831–273051 फैक्स 07831–273052 ई. मेल ddvsbala.cg@nic.in


क्रमॉक.1969/स्थापना/DMF/संविदा नियुक्ति/2025–26 बलरामपुर, दिनॉक.19/01/2026

प्रति,

जनसम्पर्क अधिकारी,
जिला बलरामपुर –रामानुजगंज (छ0ग0)

विषय :– डी.एम.एफ मद अंतर्गत स0प0चि0क्षेत्र अधिकारी के पदों पर संविदा (अस्थाई) भर्ती का विज्ञापन स्थानीय एवं राज्य स्तरीय समाचार पत्रों में प्रकाशित करानें बावत्।

सन्दर्भ :– कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा, जिला बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0) का प्रशासकीय स्वीकृति आदेश क्रमांक–260181585484 बलरामपुर/दिनांक 07.01.2026

——000——

विषयांतर्गत लेख है कि संदर्भित प्रशासकीय स्वीकृति अनुसार जिले की विभागीय पशु चिकित्सा संस्थाओं में पशु चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढीकरण हेतु रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में स्थानीय व्यवस्था के तहत जिला प्रशासन के डी.एम.एफ. मद के अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पदों पर संविदा नियुक्ति के लिये पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाना है। जिसके लिये इच्छुक पात्र उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवायें बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0) में दिनांक–27.01.2026 से दिनांक–16.02.2026 तक प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक संबंधित पद के विरुध्द भर्ती हेतु निर्धारित शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की एक सेट स्व–प्रमाणित छायाप्रति के साथ निर्धारित समय तक सीधे अथवा रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है। विज्ञापन की प्रति मय आवेदन–पत्र प्रारुप के साथ जिले की NIC की वेबसाईट balrampur.gov.in पर अपलोड किया गया है एवं कार्यालय, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें, जिला बलरामपुर, समस्त विकास खण्ड स्तरीय पशु चिकित्सालयों एवं कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त जंनपद पंचायत, जिला–बलरामपुर के सूचना पटल पर विज्ञापन/आवेदन पत्र प्रारुप चस्पा की गई हैं।

अतः विज्ञापन की हार्ड एवं पीडीएफ कॉपी संलग्न प्रेषित कर अनुरोध है कि स्थानीय एवं राज्य स्तरीय समाचार पत्रों में संविदा भर्ती का विज्ञापन जारी करानें का कष्ट करें।

उपसंचालक
पशु चिकित्सा सेवायें, बलरामपुर
जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.)

क्रमॉक.1970/स्थापना/DMF/संविदा नियुक्ति/2025–26 बलरामपुर, दिनॉक.19/01/2026

प्रतिलिपि :–

1. कलेक्टर सह अध्यक्ष, प्रबंधकारिणी समिति, जिला खनिज संस्थान न्यास, बलरामपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.) की ओर विज्ञापन की हार्ड एवं पी.डी.एफ. कॉपी संलग्न प्रेषित कर अनुरोध है कि जिले के एन.आई.सी. की वेबसाईट balrampur.gov.in पर विज्ञापन अपलोड करनें का कष्ट करें।

उपसंचालक
पशु चिकित्सा सेवायें, बलरामपुर
जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, बलरामपुर
## जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)
संयुक्त कलेक्ट्रेड भवन, प्रथम तल, बलरामपुर, पिन कोड – 497119

दूरभाष नम्बर 07831–273051 फैक्स 07831–273052 ई. मेल ककअेइंसंण्बह/दपबण्पद


क्रमॉक.1972/स्थापना/DMF/संविदा नियुक्ति/2025–26 बलरामपुर, दिनॉक.19/01/2026

## –:: संविदा (अस्थाई) नियुक्ति हेतु विज्ञापन ::–

जिला –बलरामपुर–रामानुजगंज अंतर्गत विभागीय पशु चिकित्सा संस्थाओं में पशु चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढीकरण करनें हेतु रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में स्थानीय व्यवस्था के तहत जिला प्रशासन के डी.एम.एफ. मद के अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पदों पर संविदा नियुक्ति के लिये पात्र अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाना है। जिसके लिये इच्छुक उम्मीदवार को कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवायें बलरामपुर, जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0) में दिनांक 27.01.2026 से दिनांक 16.02.2026 तक प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक संबंधित पद के विरुध्द भर्ती हेतु शैक्षणिक एवं आवश्यक दस्तावेजों की आवेदन पत्र का एक सेट स्व–प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ निर्धारित समय तक सीधे अथवा रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना अनिवार्य है। संविदा भर्ती हेतु रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. | पदनाम | स्वीकृत पदों की संख्या | अ0ज0जा0 | | | | | अ0जा0 | | | | | अ0पि0व0 | | | | | अनारक्षित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अ.ज.जा. | मुक्त | महिला | भू.पू.सै | दिव्यांग | अ.जा. | मुक्त | महिला | भू.पू.सै | दिव्यांग | अ.पि.व. | मुक्त | महिला | भू.पू.सै | दिव्यांग | अना. | मुक्त | महिला | भू.पू.सै | दिव्यांग | कुल योग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 1 | स.प.चि. क्षेत्र अधिकारी | 07 | 04 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 07 |

**वेतनमान :–**

| क्र. | वेतनमान<br>मासिक वेतन मैट्रिक लेवल–6 |
|---|---|
| 1 | 2 |
| 1 | राशि– 23350/– |

**शैक्षणिक योग्यता :–**

| पद कोड | पदनाम | कार्यक्रम | योग्यता/Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | DMF | VETERINARY POLYTECHNIC (D.A.H.) - DIPLOMA IN ANIMAL HUSBANDRY |

**चयन प्रक्रिया ::–**

1. स.प.चि.क्षेत्र अधिकारी हेतु– शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 80% अंक एवं अनुभव के लिये अधिकतम 05 अंक (प्रत्येक वर्ष के लिए 2.5 अंक, जो अधिकतम 02 वर्षों के लिये ही होगा। शासकीय/अर्ध्दशासकीय संस्थाओं के कार्यानुभव ही मान्य होंगे) निर्धारित हैं, तथा साक्षात्कार के लिए 15 अंक निर्धारित है।
2. स.प.चि.क्षेत्र अधिकारी के पद हेतु– अंतिम चयन सूची, शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 80% अंक एवं अनुभव तथा साक्षात्कार से प्राप्त अंकों को जोड़कर चयन सूची बनाई जाएगी।

Scanned with OKEN Scanner

आवश्यक शर्तें :-

1. सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय, देय होगा। इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार के भत्ते/सुविधायें देय नही होंगे। यह मानदेय किये गये कार्य दिवसों के आधार पर भुगतान किया जावेगा।
2. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। पदग्रहण के समय सम्पूर्ण दस्तावेजों की मूलप्रति जमा की जावेगी। प्रमाण–पत्र एवं अन्य वांछित दस्तावेज सही पाये जाने पर ही अभ्यर्थी को पद ग्रहण कराया जावेगा।
3. स.प.चि.क्षेत्र अधिकारी के पद पर नियुक्ति हेतु बलरामपुर जिले के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी। जिले के मूल निवासी अभ्यर्थी नही मिलने की स्थिति में सरगुजा संभाग के अन्य जिलों के अभ्यर्थियों से चयन की कार्यवाही की जावेगी।
4. भर्ती के संबंध में समस्त जानकारियां बलरामपुर जिले की NIC की वेबसाईट balrampur.gov.in पर अपलोड एवं अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा की जावेगी।
5. प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों की संख्या घटाई व बढाई अथवा भर्ती निरस्त की जा सकती है। चयन का पूरा अधिकार चयन समिति का होगा।
6. संविदा अवधि केवल 01 वर्ष के लिये होगी। कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में अवधि में वृद्धि की जा सकती है। भविष्य में विज्ञापित पदों पर सीधी भर्ती होने की स्थिति में संविदा के पद स्वतः निरस्त माने जायेंगे, अथवा दूसरे स्थान पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया जावेगा।
7. प्रतीक्षा सूची की वैधता केवल 01 वर्ष रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नये पद अथवा त्याग–पत्र या किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इस प्रतीक्षा सूची से भरा जा सकेगा।
8. आवेदन–पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों को अच्छी तरह से नस्तीबद्ध किया जावे, तथा पृष्ठ क्रमांक भी अंकित करें। आवेदन–पत्र निर्धारित क्रम में ही व्यवस्थित करें। (01. आवेदन–पत्र निर्धारित प्रारुप में, 02. DAH, 03. निवास प्रमाण पत्र, 04. आरक्षित वर्ग की स्थिति में जाति प्रमाण पत्र, 05. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र– 10वीं/12वीं के मार्क शीट सहित, 06. अनुभव प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र)।
9. अभ्यर्थी आवेदन पत्र में निदिष्ट स्थान पर स्वयं का पासपोर्ट आकार का फोटो चस्पा कर स्व–प्रमाणित करें, एवं आवश्यक सभी प्रमाण पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियां अनिवार्यतः संलग्न करें।
10. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था अथवा निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारी को उन संस्थाओं के नियोक्ता के अनापति प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।
11. आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2026 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिये। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु लागु आरक्षण नियमानुसार आयु सीमा में छुट प्रदान की जावेगी।
12. भर्ती प्रक्रिया के दौरान जिला प्रशासन द्वारा नियम एवं शर्तों में परिवर्तन होने पर आवेदकों को मान्य होगा।
13. भर्ती प्रक्रिया/सेवा के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सार्वाधिकार जिला कलेक्टर, जिला बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0) को होगा, जो सभी आवेदकों को मान्य एवं बंधनकारी होगा।
14. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् किसी भी समय नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग–पत्र देने के 01 माह पूर्व सूचना देना होगा अथवा एक माह का वेतन जमा करना अनिवार्य होगा।
15. एक माह से अधिक अवधि तक अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित पाये जाने पर सेवायें स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी।
16. संविदा अवधि में किसी भी प्रकार का धरना/हड़ताल/प्रदर्शन इत्यादि में जाने की अनुमति नही होगी। धरना/हड़ताल करने पर नौकरी से वंचित करने का अधिकार, जिलाधीश/कलेक्टर, जिला बलरामपुर–रामानुजगंज को होगा।
17. सेवा प्रदाता पद से संबंधित काउंसलिंग में जीवित पंजीयन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जीवित पंजीयन नही होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा।
18. संविदा नियुक्ति में कार्यभार ग्रहण करने के 10 दिनों के अंदर, प्रत्येक चयनित अभ्यर्थी को जिला मेडिकल बोर्ड से मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। चिकित्सा परीक्षण में योग्य नही पाये जाने पर सेवा स्वयं समाप्त मानी जावेगी।

उपसंचालक
पशु चिकित्सा सेवायें, बलरामपुर
जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

# —:: आवेदन—पत्र का प्रारुप ::—

पासपोर्ट साईज फोटो

प्रति,

उपसंचालक,
पशु चिकित्सा सेवायें, बलरामपुर
जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)

आपका विज्ञापन दिनांक ........./......../2026 में विज्ञापित पद (पद का नाम लिखें) ....................................................
के लिये मैं अपना आवेदन–पत्र प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

1. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) ....................................................

आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) ....................................................

2. पिता/पति का नाम ....................................................

3. माता का नाम ....................................................

4. जन्मतिथि (अंको में) दिनांक ........ माह..........वर्ष................

(शब्दों में) ....................................................

5. जाति संवर्ग (सामान्य/अ.ज.जा./अ.जा./अ.पि.वर्ग) ....................................................

(आरक्षित वर्ग का होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा स्थाई जाति प्रमाण–पत्र संलग्न करें)

6. लिंग (पुरूष/महिला/अन्य) ....................................................

7. अभ्यर्थी छ.ग. का मूल निवासी है या नहीं? ....................................................

(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण–पत्र संलग्न करें)

8. क्या आप दिव्यॉग श्रेणी के है? (हॉ/नहीं) ....................................................

8.1 यदि हॉ, तो दिव्यॉगता का प्रतिशत एवं प्रकार ....................................................

(जिला मेडिकल बोर्ड से जारी प्रमाण–पत्र संलग्न करें)

9. स्थाई निवास का पूर्ण पता ....................................................
....................................................
....................................................
....................................................

10. वर्तमान पत्र व्यवहार का पूर्ण पता ....................................................
....................................................
....................................................
....................................................

मोबाईल नंबर....................................................

ई.मेल आई.डी....................................................

Scanned with OKEN Scanner

11. शैक्षणिक योग्यता :–

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | परीक्षा का पूर्णांक | परीक्षा में प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत् |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

12. कार्यानुभव का विवरण :–

| क्र. | संस्था का नाम | संस्था का प्रकार (शासकीय/सार्वजनिक/वित्तीय सहायता प्राप्त संस्था) | पदनाम | कार्य अवधि (अनुभव के कुल पूर्ण वर्ष) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

13. **संलग्न सत्यापित प्रमाण–पत्रों की सूची व संख्या :–**

1. 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची
2. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची (सभी सेमेस्टर्स/वर्षों की)
3. भूतपूर्व सैनिक/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का प्रमाण पत्र
4. रोजगार जीवित पंजीयन प्रमाण–पत्र
5. स्थाई जाति प्रमाण–पत्र
6. दिव्यांगता संबंधी प्रमाण–पत्र
7. मूल निवास प्रमाण–पत्र
8. अनुभव प्रमाण–पत्र
9. अन्य प्रमाण–पत्र

आवेदक के हस्ताक्षर

## –:: घोषणा–पत्र ::–

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ, कि इस आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियाँ पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जावेगी तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जाएंगे।

स्थान :– ......................................

दिनांक :– .............../................/2026

आवेदक के हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner

**रू 50 के गैर यायिक स्टाम्प में**
**मैं शपथकर्ता पता शपथ–पत्र का प्रारूप**

मैं शपथकर्ता.............................................................. उम्र............................ पिता/पति..............................
पता..............................................................................शपथ–पत्र का प्रारूप उम्र पिता/पति एतद् द्वारा निम्नानुसार शपथपूर्वक अभिकथन करता हूँ कि

01. जिला बलरामपुर में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की मानदेय पर अस्थाई भर्ती हेतु समस्त नियम शर्त मेरे द्वारा भली–भांति पढ़ ली गई है।
02. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई है, जिसमें मेरी सेवायें नियमो के तहत् निर्धारित समय–सीमा 01 वर्ष पूर्ण करने के उपरान्त सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी, जो मुझे मान्य है। मै इसमे किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति/न्यायालय में जाने के लिये अधिकृत नही रहूंगा।
03. चयन एवं सेवा अवधि के दौरान किसी भी स्तर पर मेरे द्वारा प्रेषित प्रमाण–पत्र अंकसूची/जाति/निवास आदि झूठी/फर्जं प्रमाण–पत्र की पुष्टि होने पर मेरी सेवा अथवा दावा स्वयं समाप्त हो जावेगी एवं कार्यवाही के लिए नियोक्ता स्वतंत्र रहेगा।

शपथकर्ता

**//सत्यापन//**

मै शपथकर्ता..................................................उम्र.....................पिता/पति...................................................
पता...............................................उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका एक एवं दो तक लिखी सभी बातें मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी अनुसार सत्य सही है। अतः आज दिनांक ........................ को मैं इस पर अपने हस्ताक्षर किया।

दिनांक...............................

शपथकर्ता

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, बलरामपुर
## जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)
संयुक्त कलेक्ट्रेड भवन, प्रथम तल, बलरामपुर, पिन कोड – 497119

दूरभाष नम्बर 07831–273051 फैक्स 07831–273052 ई. मेल ddvsbala.cg@nic.in


क्रमॉक.1971/स्थापना/DMF/संविदा नियुक्ति/2025–26 बलरामपुर, दिनॉक.19/01/2026

## –:: संविदा (अस्थाई) भर्ती हेतु विज्ञापन ::–

जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0) अंतर्गत विभागीय पशु चिकित्सा संस्थाओं में पशु चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढीकरण करनें हेतु रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में स्थानीय व्यवस्था के तहत् जिला प्रशासन के डी.एम.एफ. मद के अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पदों पर संविदा नियुक्ति के लिये पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। जिसके लिये इच्छुक पात्र उम्मीदवार कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवायें बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0) में दिनांक – 27.01.2026 से दिनांक–16.02.2026 तक प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक संबंधित पद के विरुध्द भर्ती हेतु आवश्यक दस्तावेजों के साथ एक सेट स्व–प्रमाणित–आवेदन पत्र निर्धारित समय तक स्वयं उपस्थित होकर या रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। विज्ञापन की प्रति मय आवेदन–पत्र प्रारुप के साथ बलरामपुर जिले के NIC की वेबसाईट पर अपलोड किया गया है एवं कार्यालय, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें, जिला बलरामपुर–रामानुजगंज, समस्त विकास खण्ड स्तरीय पशु चिकित्सालयों एवं कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त जनपद पंचायत, जिला बलरामपुर–रामानुजगंज के सूचना पटल पर विज्ञापन/आवेदन पत्र प्रारुप चस्पा की गई है।

उपसंचालक
पशु चिकित्सा सेवायें, बलरामपुर
जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner